समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# इंग्लैडं दौरे के लिए टीम इंडिया अंडर-19 मे दो बड़े बदलाव, BCCI ने की पुष्टि।

Publisher

Published on 19 Jun 2025



## इंग्लैडं अंडर-19 के खिलाफ सीरीज से पहले टीम इंडिया मे हुंए दो अहम बदलाव, चोटिल खिलाड़ियों की जगह दीपेश और नमन को मिला मौका।

**बीसीसीआई ने किया खिलाड़ियों के रिप्लेसमेटं का ऐलान**

**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)** ने इंग्लैंड **अंडर-19** टीम के खिलाफ आगामी सीरीज से पहले **टीम इंडिया अंडर-19** में दो अहम बदलाव किए हैं।

टीम के दो खिलाड़ी **आदित्य राणा** और **खिलन पटेल** चोटिल होकर इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पर **डी दीपेश** और **नमन पुष्पक** को टीम में शामिल किया गया है। ये दोनों खिलाड़ी पहले से ही स्टैंडबाय लिस्ट में मौजूद थे।

**बीसीसीआई का आधिकारिक बयान :**

"जूनियर सिलेक्शन कमिटी ने इंग्लैंड दौरे के लिए आदित्य राणा और खिलन पटेल की जगह डी दीपेश और नमन पुष्पक को टीम इंडिया अंडर-19 स्क्वाड में शामिल करने का फैसला किया है।"

**इंग्लैडं दौरे का पूरा शेड्यूल :**

**24 जून :** वार्म-अप वनडे मैच

**27 जून – 7 जुलाई :** इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ 5 वनडे मैच

**12-15 जुलाई :** पहला मल्टी डे मैच

**20-23 जुलाई :** दूसरा मल्टी डे मैच

वनडे सीरीज में पहला मुकाबला **27 जून** को खेला जाएगा, जबकि **आखिरी वनडे 7 जुलाई** को होगा। इसके बाद दोनों टीमों के बीच दो मल्टी डे मुकाबले भी खेले जाएंगे।

**टीम इंडिया अंडर-19 स्क्वाड (इंग्लैंड दौरे के लिए):**

**कप्तान :** आयुष म्हात्रे

**उप-कप्तान और विकेटकीपर :** अभिग्यान कुंडु

**वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिन चावड़ा, राहुल कुमार, हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर.एस अंब्रिश, कनिष्क चौहान, हेनिल पटेल, युधाजित गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, अनमोलजीत सिंह, डी दीपेश, नमन पुष्पक**

**स्टैंडबाई खिलाड़ी : वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंक्रिथ रपोल (विकेटकीपर)**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.